**मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत 'हर घर जल' के सम्बन्ध में आहूत की गई समीक्षा बैठक दिनांक 19.12.2025 का कार्यवृत्त/दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश बिन्दु।**

दिनांक 19.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 'हर घर जल' के सम्बन्ध में प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, टीम लीडर, टी0पी0आई0 तथा चयनित एजेंसी मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा–201301 (उ0प्र0) के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में की गई चर्चा एवं दिए गए निर्देशानुसार सभी सम्बन्धित अधिकारी को निम्न बिन्दुओं पर तत्काल अपेक्षित कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

- अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद अयोध्या में 1144 राजस्व ग्रामों हेतु 535 नग पेयजल योजनाओं में से 243 नग पेयजल योजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं, जिसमें से 162 नग योजनाओं का रख–रखाव एवं संचालन का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त 57 नग अन्य पेयजल योजनाओं के रख–रखाव एवं संचालन हेतु प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसे शीघ्र ही रख–रखाव एवं संचालन हेतु स्वीकृति करा लिया जायेगा।
- विकासखण्ड–मया बाजार के सम्बन्ध में श्री आलोक कुमार मिश्रा, सहा0अभि0 द्वारा अवगत कराया गया कि शेरवाघाट पेयजल योजना में पानी टंकी बनाने हेतु जो भूमि उपलब्ध करायी गई थी वह भूमि जनपद–बस्ती एवं अयोध्या मध्य बटवारे के विवाद के कारण पेयजल योजना का कार्य कराया जाना सम्भव नहीं पा रहा है। बनगांव पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय हेतु प्रस्तावित भूमि पर ग्रामीणों द्वारा विवाद उत्पन्न किया जा रहा है। जिसके संदर्भ में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर भूमि विवाद का निस्तारण कराते हुए शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायें।
- अधोहस्ताक्षरी जानकारी चाही गई कि वर्तमान तक कितनी पेयजल योजनाओं पर भूति विवाद शेष है। जिसके संबंध मे अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि 8 पेयजल योजनाओं पर द्वितीय नलकूप हेतु भूमि विवाद है, जिसमें मसौधा में 02 पेयजल योजना नामत हरीपुर जलालाबाद एवं कोटसराय, मया बाजार में 04 पेयजल योजना नामतः अमसिन, गौहनिया, समदा एवं अंकारीपुर, मिल्कीपुर में परसवां पेयजल योजना एवं सोहावल में पिरखौली पेयजल योजना तथा मया बाजार में शेरवाघाट पेयजल योजना में प्रथम नलकूप की भूमि पर विवाद है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा तत्काल संबंधित उपजिलाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से भूमि विवाद निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया एवं नामित सभी फर्मो को निर्देशित किया गया कि जहां पर भूमि विवाद का निस्तारण करा लिया गया है वहां पर तत्काल बाउण्ड्रीवाल का निर्माण करायें जिससे भविष्य में पुनः विवाद उत्पन्न न हो। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 को निर्देश दिया गया कि परसवां में भूमि विवाद निस्तारण हेतु वन विभाग के अधिकारी एवं डी0पी0आर0ओ0 के साथ विकासखण्ड– मिल्कीपुर में परसवां में उपस्थित होकर योजना के कैम्पस में वृक्षों की स्थिति के सम्बंध मे अवगत करायें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मो को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन का जो भी कार्य अवशेष है उसे तत्काल तीन से चार माह में पूर्ण करायें एवं पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु हेतु खोदी गई सड़क के मरम्मत का कार्य 15 दिवस में पूर्ण करायें, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध एफआईआर कराकर जेल भेजा जायेगा, जिसके सम्बन्ध मे सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर (जल निगम) को भी निर्देश दिया गया कि पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु काटी गई सड़कों का निरीक्षण कर रेस्टोरेशन का कार्य सुनिश्चित करायें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मो द्वारा कराये गये कार्यों के भुगतान की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी चाही गई, जिसके सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत

कराया गया कि वर्तमान में फर्मों के भुगतान अवशेष है। प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में जल जीवन मिशन के कार्य हेतु चार हजार करोड़ का भुगतान स्वीकृत किया गया है एवं केन्द्र सरकार द्वारा जनवरी, 2026 में भुगतान स्वीकृत किये जाने की सम्भावना है।

**एजेंसीवार प्रगति की समीक्षा की गई जिसका विवरण निम्न है –**

**1. मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* 154 नग योजनाओं के सापेक्ष 131 नग पेयजल योजनाएं रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 159 नग के सापेक्ष 159 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ, 137 नग का कार्य पूर्ण, 155 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 157 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है। धन्नीपुर रौनाही पेयजल योजना पर शिरोपरि जलाशय के पाइलिंग टेस्ट का कार्य कराया जा रहा है।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 283 नग राजस्व ग्राम हेतु 146 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 263 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 23 नग राजस्व ग्रामों में शीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।

**2. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* फर्म की प्रगति सन्तोषजनक न होने के कारण अधोहस्ताक्षरी द्वारा काफी रोष व्यक्त किया गया एवं कहा गया कि आपके पेटी कॉनट्रेक्टर द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में भुगतान हेतु शिकायत की जा रही है।
* अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के नव नियुक्त प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिया गया कि योजनाओं का कार्य गुणवत्ता पूर्वक एवं प्रगति मे वृद्धि के साथ पूर्ण करायें अन्यथा की स्थिति में आपके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर आपको जेल भेज दिया जायेगा।
* 297 नग योजनाओं के सापेक्ष 69 नग पेयजल योजनाएं रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 296 नग के सापेक्ष 292 नग स्थलों पर शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रारम्भ, जिसमें से 287 नग स्थलों पर स्टेजिंग का कार्य एवं 226 नग स्थलों पर स्लैब का कार्य पूर्ण है, 184 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण है।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 721 नग राजस्व ग्रामों हेतु 297 पेयजल योजनाओ के सापेक्ष 122 पेयजल योजनाओं 279 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

**3. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* 48 नग योजनाओं के सापेक्ष 10 नग पेयजल योजनाएं रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं।
* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 49 नग के सापेक्ष 49 नग पर कार्य प्रारम्भ, 44 नग का कार्य पूर्ण, 49 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 49 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है। फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा अवगत कराया गया कि भुगतान न प्राप्त होने के कारण 05 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण नही कराया जा सका।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 94 नग राजस्व ग्रामों के हेतु 48 पेयजल योजनाओं में 36 योजनाओं से 73 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। शेष 21 नग राजस्व ग्रामों में शीघ्र नियमित जलापूर्ति किये जाने के निर्देश दिए गए।

**4. मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद की योजनावार समीक्षा बैठक में पाया गया कि –**

* 36 नग योजनाओं के सापेक्ष 10 नग पेयजल योजनाएं रख–रखाव एवं संचालन कार्य हेतु प्रेषित की जा चुकी हैं।

12/25 doc.aky8-9

* शिरोपरि जलाशय के लक्ष्य 36 नग के सापेक्ष 36 नग पर कार्य प्रारम्भ, 28 नग का कार्य पूर्ण, 35 नग का कार्य स्टेजिंग तक एवं 36 नग का राफ्ट तक का कार्य कराया गया है।
* फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कि 46 नग राजस्व ग्रामों हेतु 36 पेयजल योजनाओं में से 32 योजनाओं से 40 नग राजस्व ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

5. **आई0एस0ए0 –**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी आई0एस0ए0 संस्थाओ को निर्देश दिया गया कि जो पेयजल योजनाओं रख–रखाव एवं संचालन हेतु स्वीकृत हो चुकी है, उन योजनाओं पर जाकर सोशल ऑडिट का कार्य अगामी 10 दिवस में पूर्ण करायें। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जानकारी चाही गई कि जल सखियों को जल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है अथवा नहीं, उक्त के सम्बन्ध में श्री अनुराग वर्मा, सी0वी0 एण्ड टी0, डी0पी0एम0यू0 द्वारा अवगत कराया गया कि सोशल ऑडिट के दौरान ही जल सखियों को जल परीक्षण का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि योजनाओं के कैम्पस में 20 वृक्षों का वृक्षारोपण होना चाहिए जिसका अधोहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण किया जायेगा।

## कार्यालय– मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या

पत्रांक 116 / M-27 / 04 दिनांक: 07/01/2025

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. जिलाधिकारी, अयोध्या।
2. अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
3. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
4. समस्त उपजिलाधिकारी, अयोध्या को इस आशय से प्रेषित कि अपने से सम्बन्धित क्षेत्र की योजनाओ में भूमि उपलब्ध नहीं है अथवा भूमि विवादित है, का निस्तारण कराने का कष्ट करें।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी को इस निर्देश के साथ कि पूर्ण योजनाओं के हर घर जल प्रमाणीकरण हेतु ग्राम पंचायत सचिव से सत्यापन कराकर प्रमाणीकरण का कार्य कराएं।
6. डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अयोध्या।
7. टीम लीडर, टी0पी0आई0, अयोध्या यूनिट।
8. मेसर्स गायत्री प्रोजेक्ट लि0 एवं रैमकी (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स वी0एस0ए0– एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद, मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी प्रोजेक्ट एण्ड इंजीनियरिंग सर्विसेज लि0, मुम्बई, मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक लि0,–गाजा इंजीनियरिंग प्रा0लि0 (जे.वी.), नोएडा–201301 (उ0प्र0)।

Digitally signed by
Krishan Kumar Singh
Date: 05-01-2026
22:14:20

(कृष्ण कुमार सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी
अयोध्या

12/25 doc.aky8-9